हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 17 मई 2026

06 5 मजदूरों की मौत के बाद प्रशासनिक जवाबदेही...
09 राजघाट बांध के लोकार्पण व सौंदर्यीकरण के लिए...







## खबर संक्षेप में



### संत बाल मुरारी बापू का सम्मान किया

**नलखेड़ा।** धार स्थित भोजशाला मामले में मप्र हाईकोर्ट के फैसले में वाग्देवी मंदिर माने जाने के बाद भोजशाला आंदोलन के प्रारंभिककाल मे सक्रिय भूमिका निभाने वाले बाल मुरारी बापू का सम्मान किया गया। संत बाल मुरारी बापू का स्थानीय भक्तों द्वारा उनका स्वागत कर सम्मान किया गया। शनिवार को स्थानीय सांदीपेंद्र आश्रम पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, भाजपा नेता नरेंद्र वेदिया, पत्रकार दिलीप खंडेलवाल, एडवोकेट लोकेश गुप्ता, एडवोकेट नमन गुप्ता आदि द्वारा संत बाल मुरारी बापू का सम्मान किया । संत भाव विभोर हो गए एवं हाईकोर्ट के फैसले पर खुशी व्यक्त की।

### आशा भोसले को आज स्वरांजलि अर्पित करेगा सुरमित्र अपना आगर

**नलखेड़ा।** हिंदी सिनेमा की सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका आशा भोसले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से "सुरमित्र अपना आगर" ग्रुप द्वारा एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। "अंदाज़-ए-ग़ज़ल" शीर्षक से आयोजित यह सुर-संगीत संध्या 17 मई रविवार को शाम 6 बजे मधुबन गार्डन एंड रिसॉर्ट में आयोजित होगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "चिट्ठी ना कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गए" शीर्षक पर आधारित विशेष प्रस्तुति रहेगी। कार्यक्रम में आगर सहित शाजापुर, सुसनेर, नलखेड़ा, नागदा एवं उज्जैन के लगभग 25 गायक कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियों, गीतों एवं ग़ज़लों के माध्यम से महान गायिका आशा भोसले को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के समन्वयक राजेश ऊंचेनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि "सुरमित्र अपना आगर" जिले के गायक कलाकारों का एक सक्रिय संगठन है, जो नियमित रूप से संगीत अभ्यास एवं महान गायकों की स्मृति में संगीतमय आयोजन करता रहता है। इससे पूर्व भी संगठन द्वारा किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, और लता मंगेशकर की स्मृतियों में सफल संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। संगठन द्वारा आगर जिले के समस्त संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें तथा महान पार्श्वगायिका आशा भोसले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजन को सफल बनाएं।

### कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अभिनव पहल की

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अभिनव पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को कृषि उपज मंडी आगर से चार कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न विकासखण्डों के लिए रवाना किया गया। यह कृषि रथ प्रत्येक विकासखण्ड में 10 दिवस तक भ्रमण कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण एवं शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री राघुसिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी.एस. शक्तावत तथा उप संचालक कृषि विजय चौरसिया उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जैविक खेती एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि कृषि रथ अभियान किसानों को नवीन तकनीकों एवं वैज्ञानिक सलाह से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि कृषि रथ के ग्राम पंचायत में पहुंचने के एक दिन पूर्व प्रचार-प्रसार कर किसानों को सूचना दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक कृषक इस अभियान का लाभ उठा सकें।

डिप्टी कलेक्टर यादव ने कहा कि किसान फसल विविधीकरण अपनाकर कृषि को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। उन्होंने दलहन, तिलहन, उद्यानिकी एवं अन्य नकदी फसलों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि जोखिम कम होगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी.एस. शक्तावत ने वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर बल देते हुए कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग, उन्नत बीज प्रजातियों का चयन तथा मौसम आधारित कृषि सलाह का पालन करने से उत्पादन लागत कम होने के साथ गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है।

भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री राघुसिंह ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वराशक्ति सुरक्षित रहेगी तथा किसान नवाचार के माध्यम से उत्पादन एवं आय दोनों बढ़ा सकेंगे। उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि किसान इसके माध्यम से समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ई-टोकन बुक कर अनावश्यक भीड़ से बचने की अपील की। उन्होंने बताया कि कृषि रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर किसानों को उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जैविक खेती, आधुनिक कृषि यंत्रों, फसल विविधीकरण एवं मौसम आधारित कृषि सलाह की जानकारी देगा। साथ ही कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर वैज्ञानिक खेती के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

प्रथम दिवस पर कृषि रथ विकासखण्ड आगर की ग्राम पंचायत आमला, महुडिया एवं बापचा, विकासखण्ड बड़ौद की जमुनिया, खंदवाश एवं झलारा बड़ौद, विकासखण्ड सुसनेर की सोयत खुर्द, कंवराखेड़ी एवं खेरिया सोयत तथा विकासखण्ड नलखेड़ा की लालूखेड़ी, सुईगांव एवं रिछी ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगे। कृषि रथ के माध्यम से कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभागों के समन्वय से किसानों को खरीफ फसलों की बुआई प्रारंभ होने से पूर्व योजनाओं, फसल विविधीकरण एवं कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान की जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकगण एवं कृषि विभाग सहित संबद्ध विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जीवन राठौर एवं राहुल बामनिया द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन मेहरवान सिंह यादव ने किया।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

## अपने घर व आसपास क्षेत्र को स्वच्छ रखने की शपथ ली




हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हरीश आर्य के निर्देशानुसार तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश निगवाल के मार्गदर्शन में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कानड़ में 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष चिकित्सक डॉ. कृष्ण पाटीदार की विशेष उपस्थिति में समस्त स्वास्थ्य स्टाफ और उपस्थित ग्रामीणों ने अपने घरों तथा आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि संक्रमित मच्छरों से होने वाले डेंगू रोग से किसी भी व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो, इसके लिए हरसंभव पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी; जांच करें, सफाई करें एवं ढके निर्धारित की गई है, जिसके तहत लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान खंड विस्तार प्रशिक्षक भगवान सिंह डगवाल, नर्सिंग ऑफिसर मनीष शर्मा, फार्मासिस्ट गोविंद पाटीदार, भूपेंद्र बारेठ, लैब टेक्नीशियन रीना बघेल, रुकमा तोमर, सचिन सूर्यवंशी, रवींद्र विश्वकर्मा, कमल, देवेंद्र सहित कई विभाग कर्मी और ग्रामीण जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जैन को जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार



**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा जारी एक आदेश अनुसार आगर मालवा के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव के स्थान पर सौरभ कुमार जैन को जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा विभाग एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी आगर मालवा सौरभ कुमार जैन को अपने पदीय कर्तव्य के साथ साथ जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार मय आहरण संवितरण के अधिकार आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से सौपे गए है।

### भगवान शनि देव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

## भगवान शनि देव के जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए गए, भंडारे का भी आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलयुग के न्यायाधीश एवं दंडाधिकारी भगवान शनि देव का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्ष उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के एकमात्र शनि मंदिर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ विशाल भंडारा रखा गया। शनि देव मंदिर पर शनिवार को श्री शनि देव जन्मोत्सव का महोत्सव मनाया गया। इसी दिन वट सावित्री अमावस्या होने से प्रातः 6 बजे से भगवान शनि देव का अभिषेक, श्रृंगार तथा हवन का कार्यक्रम हुआ। सुबह से देर रात तक भक्त भगवान शनिदेव का अभिषेक करने व दर्शन के लिए पहुंचते रहे। शनि जयंती के अवसर पर स्थानीय गवली समाज धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।जयंती के अवसर पर शनि मंदिर की फूलों से विशेष सजावट कर विद्युत रोशनी की गई। शनि देव की जयंती के इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के शनि भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य अर्जन किया गया। नगर के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर स्थित शनि देव की प्रतिमा का भी भक्तों द्वारा अभिषेक कर पूजन किया गया।

### प्रमुख पेंशन एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आज

**सीहोर।** प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के सीहोर जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 17 मई दिन रविवार को स्थानीय संजय टाकिज के पीछे पं.राममूति शर्मा के निवास पर दिन के 12 बजे आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी इन्दौर एवं उप प्रांत अध्यक्ष एल.एन.कैलाशिया भोपाल उपस्थित रहेगों। बैठक में पेंशनरों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेत रणनीति तैयार की जावेगी। समस्त पेंशनरों से अपील की गई है कि अधिक अधिक संख्या उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से सम्बंधित आवेदन भी साथ लेकर आवें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से श्री के.एल.बैरागी, डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, सुन्दरलाल राठौर आदि शामिल हैं।

## रेहटी के पास हादसा, भोपाल के दंपती की मौतःअज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारी, वाहन चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में देलावाड़ी मार्ग पर दोपहर एक सड़क हादसे में भोपाल के एक दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी स्कूटी को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान भोपाल के भारतीय निकेतन निवासी आशुतोष दीक्षित और उनकी पत्नी ज्योति ठाकुर के रूप में हुई है। यह हादसा देलावाड़ी के समीप हुआ। बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आशुतोष दीक्षित अपनी पत्नी ज्योति ठाकुर के साथ स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

#### टक्कर मारने के बाद चालक फरार

सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस टक्कर मारकर फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस आसपास के ढाबों और चेकपोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके। दुर्घटना के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने यातायात सुचारू कराकर सामान्य किया।

### कलेक्ट्रेट में राठौर समाज ने किया प्रदर्शन, बोले- मौत नहीं हत्या है

# मां गायत्री अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर डॉक्टर परमार पर एफआईआर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्ट्रेट में राठौर क्षत्रीय समाज आक्रोशित दिखाई दिया। घटना के विरोध में लोगों ने बाइक रैली निकाली। समाजजनों ने डिप्टी कलेक्टर जमील खान को पूरी घटना बताई। चाय पीने से मयूरी की मृत्यु की बात को गलत बताया। समाज ने प्रसूता मयूरी राठौर की मौत को गंभीर घटना बताया। जिम्मेदार डॉक्टर सुजाता परमार को ठहराया। माँ गायत्री हॉस्पिटल का लाइसेंस रदद करने की मांग उठाई। डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग भी दोहराई।

बग्गी खाना छावनी के अनिल राठौर की धर्मपत्नि मयूरी राठौर को गर्भास्था के चलते प्रसव पीडा होने पर 10 मई को रात 10 बजे माँ गायत्री हॉस्पिटल इछावर रोड़ में संचालिका डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर परिजनों ने भर्ती कराया गया था। डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर 11 बजे सीजर ऑपरेशन किया गया है। सीजर होने के पश्चात मयूरी राठौर ने एक पुत्र को जन्म दिया। मयूरी और उनका पुत्र पूर्ण रूप से स्वस्थ था। दूसरे दिन 11 मई को सुबह10 बजे तक स्वास्थ्य अच्छा था और जब मयूरी राठौर को इंजेक्शन लगाया तो कुछ समय के पश्चात उनके मुहँ से झाग जैसा द्रव्य निकलने लगा।

डॉ. सुजाता परमार को बुलाया और डॉ. सुजाता परमार हॉस्पिटल के स्टाप के कर्मचारी के साथ प्रसूता मयूरी को आई.सी.यू. में ले गई 15 मिनट बाद अनिल से कहा की आपकी पत्नि अब नही रही है उनकी मृत्यु हो गई है इस प्रकार माँ गायत्री हॉस्पिटल की संचालिका के द्वारा मयूरी राठौर की गलत इंजेक्शन देने पर उनकी मृत्यु हुई है। इसके साथ ही अनिल राठौर द्वारा मृत्यु का कारण पूछे जाने पर एक जिम्मेदार डॉक्टर ने कहा कि मृत्यु चाय पीने मृत्यु हुई है।

प्रदर्शन में समाजसेवी सतीष राठौर, राठौर समाज अध्यक्ष रामचन्दर राठौर, जितेंद्र राठौर, विवेक राठौर, अखिलेश पहलवान,सन्नी सरदार सहित बड़ी संख्या में राठौर समाजजन और मृतिका मयूरी के परिजन मौजूद रहे।

## नाबालिग भांजी से दुष्कर्म के दोषी चचेरे मामा को आजीवन कारावास, कोर्ट ने लगाया 1 हजार का जुर्माना

### पीड़िता को मिलेगा 1 लाख रुपए प्रतिकर, 25 मार्च और 23 मई 2024 की थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की विशेष अदालत ने नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म के आरोपी चचेरे मामा को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। कोर्ट ने पीड़िता को 1 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश भी दिया है।

अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने 25 मई 2024 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 25 मार्च 2024 को पीड़िता की मां अपने भाई यानी पीड़िता के मामा के साथ जिला शाजापुर गई थी। मामा ने मां को गांव छोड़कर पीड़िता के घर आकर उसे पानी लाने के बहाने अंदर बुलाया और दरवाजा बंद कर जबरन दुष्कर्म किया।इसके बाद 23 मई 2024 को आरोपी मामा फिर घर आया। उस समय पीड़िता के माता-पिता अंदर सो रहे थे। आरोपी ने फिर दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने पर माता-पिता के आने के डर से आरोपी मोबाइल छोड़कर भाग गया। पुलिस ने जांच के बाद अभियोग पत्र कोर्ट में पेश किया। अभियोजन के तर्कों, दस्तावेजी और परिस्थितिजन्य साक्ष्य से सहमत होते हुए कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(एन)/6 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपये जुर्माने की सजा दी। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने की। पैरवी में सहयोग रानी जैन द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### बागली स्वास्थ्य केंद्र ने आयोजित की जागरूकता रैली

**बागली।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ. अमित नागर की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव को लेकर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। बीईई राधेश्याम चौहान एवं बागली सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल ने चिकनगुनिया के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें तेज बुखार, जोड़ों में असहनीय दर्द, शरीर में अकड़न, कमजोरी, लाल चकत्ते, सिरदर्द और उल्टी जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने लोगों से लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। कार्यक्रम में बीपीएम रतन जामले, बीसीएम यतीन्द्र बेरागी, राजेश यादव, योगिता योगी, चित्रा कौशल, रेखा नागर, अनिल धाकरे, बालमुकुन्द नागर, किशोर मंडलोई, जितेन्द्र केरवाल सहित एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उद्योगपति जायसवाल को दी श्रद्धांजलि

**देवास।** शहर युवा उद्योगपति विकास जायसवाल का शनिवार को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम पर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र चक्षत ने दी। शुक्रवार को विकास जायसवाल का हृदयगति रुकने के कारण इंदौर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था और शनिवार की सुबह 9 बजे उनके सिविल लाइन स्थित निवास से अंतिम यात्रा निकली, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। तत्पश्चात शोकसभा का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री के बड़े भाई नारायण यादव, आगर विधायक मधु गेहलोत, भगवानसिंह चावड़ा, मनोज राजानी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## टोंककला पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट पर कार्रवाई शुरू, चार अधिकारियों पर गिरी गाज

# 5 मजदूरों की मौत के बाद प्रशासनिक जवाबदेही तय, मामले में एसडीएम-एसडीओपी समेत चौकी प्रभारी को किया निलंबित

### सोमवार को पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन की टीम का नागपुर से आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। हादसे में पांच मजदूरों की मौत और कई श्रमिकों के गंभीर रूप से झुलसने के बाद प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठ रहे थे। अब मामले की मजिस्ट्रियल जांच भी शुरू कर दी गई है।

साथ ही सोमवार को पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन की टीम का नागपुर से आने की संभावना जताई जारी है।जो पेट्रोलियम, गैस, विस्फोटक पदार्थ और ज्वलनशील सामग्री की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करती है, जो विस्फोटक पदार्थ और ज्वलनशील सामग्री की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। वहीं एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर घटना में दर्ज अपराध की विवेचना के लिए 8 सदस्यीय टीम बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे के नेतृत्व में गठित की गई है। साथ ही एसएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विस्फोटक सामग्री का विनष्टीकरण विशेषज्ञों की मौजूदगी में तय मात्रा के हिसाब से किया जाएगा। घटना स्थल पर सीसीटीवी भी लगाए गए है। जानकारी के अनुसार एबी रोड स्थित पटाखा फैक्ट्री में कम क्षमता के लाइसेंस पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जमा की गई थी। फैक्ट्री में सुरक्षा इंतजाम भी पर्याप्त नहीं थे और मजदूरों से जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था। हादसे के बाद यह सवाल लगातार उठ रहे थे कि निगरानी और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार अधिकारी आखिर क्या कर रहे थे।



#### हादसे के बाद हरकत में आया प्रशासन

प्रशासनिक जांच में प्रारंभिक तौर पर निरीक्षण और निगरानी में गंभीर लापरवाही सामने आई है। यदि समय रहते कार्रवाई होती तो इतनी बड़ी दुर्घटना टाली जा सकती थी। अब जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि चूक केवल निगरानी स्तर पर थी या नियमों की अनदेखी कई विभागों में हुई।

#### एसडीएम और नायब तहसीलदार निलंबित

संभागायुक्त कार्यालय के आदेश पर एसडीएम संजीव सक्सेना और नायब तहसीलदार रवि शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि दोनों अधिकारियों ने विस्फोटक सामग्री से जुड़े निर्धारित प्रशासनिक निरीक्षण नियमित रूप से नहीं किए। आदेश में इसे गंभीर लापरवाही और पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता माना गया है।

#### प्रभावी निरीक्षण नहीं हुआ

जांच में यह भी पाया गया कि अधिकारियों की जिम्मेदारी हर महीने फैक्ट्री का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना था कि लाइसेंस के अनुरूप ही विस्फोटक सामग्री रखी जा रही है या नहीं। इसके बावजूद लंबे समय तक प्रभावी निरीक्षण नहीं किया गया। जबकि पूर्व में भी फैक्ट्री में दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ चुकी थीं।






#### एसडीओपी और चौकी प्रभारी पर भी कार्रवाई

गृह विभाग ने दीपा मांडवे को भी निलंबित कर दिया है। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री संचालन और सुरक्षा संबंधी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों तक नहीं पहुंचाई गई। वहीं रमनदीप हुंडल को भी निलंबित किया गया है। जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में बाहरी राज्यों के कई मजदूर कार्यरत थे और लाइसेंस क्षमता से अधिक विस्फोटक सामग्री रखी गई थी।

#### एक सप्ताह में आएगी जांच रिपोर्ट

उज्जैन संभागायुक्त कार्यालय ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की अधिकारी नमिता तिवारी शामिल हैं। टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### एमजी रोड नाला निर्माण का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**देवास।** शहर के विकास कार्यों के तहत एमजी रोड के कायाकल्प के लिए चल रहे नाला निर्माण के कार्य का आयुक्त दलीप कुमार ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। आयुक्त ने एमजी रोड पर पैदल भ्रमण कर दोनों ओर नाला निर्माण कार्य का जायजा लिया। निर्माण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने मौके पर रहवासियों और व्यवसायियों से चर्चा की और मानसून से पहले कार्य पूर्ण करने में सहयोग की अपील की। आयुक्त ने नाला निर्माण में बाधा बन रहे बिंदुओं पर भवन/ संपत्ति के स्वामियों से संवाद कर समाधान भी निकाला। व्यवसायियों ने आयुक्त द्वारा स्वयं मौके पर चर्चा करने पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन भवन और संपत्ति स्वामियों को जारी सूचना पत्र में दी गई समयावधि में अपना निर्माण नहीं हटाया गया तो समयावधि समाप्त होने के बाद निगम टीम द्वारा निर्माण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### समय से पहले मकान सूचीकरण पूरा करने पर 6 कर्मचारियों को आयुक्त ने किया सम्मानित



**देवास।** जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा करने वाले 6 शासकीय कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निगम बैठक हाल में आयोजित सम्मान समारोह में विनोद पाठक, प्रियंका शर्मा, अंजु सोलंकी, रमाशंकर सोनी, अंकित सिसोदिया और यास्मीन शेख को लक्ष्य से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी गई। आयुक्त ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकान सूचीकरण जनगणना का महत्वपूर्ण कार्य है जिसे तय समय में करना अनिवार्य है। इन कर्मचारियों ने लगन और निष्ठा से समय पूर्व कार्य कर सभी के लिए प्रेरणा का उदाहरण पेश किया है। उल्लेखनीय है कि निगम सीमा क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य शासकीय कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई थी। सम्मान समारोह में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी एवं कुणाल दुबे भी उपस्थित रहे।

## ई-टोकन प्रणाली से किसानों को खाद मिलने में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



खरीफ सीजन में किसानों को इस बार यूरिया व अन्य उर्वरक ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से दिए जाएंगे, लेकिन भौरासा नगर के किसानों के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई है। कृषि विभाग द्वारा शुरू किए गए पोर्टल पर किसानों के सर्वे नंबर और जमीन संबंधी जानकारी नहीं उठ रही, जिसके कारण किसानों के ई-टोकन जनरेट नहीं हो पा रहे हैं।नगर में कृषि विभाग का प्रचार रथ पहुंचा, जहां किसानों ने अधिकारियों से नई व्यवस्था को लेकर सवाल किए। किसानों ने बताया कि पोर्टल खुल तो रहा है, लेकिन जानकारी अपडेट नहीं होने से खाद मिलने में देरी हो सकती है।

अधिकारियों ने भी माना कि तकनीकी समस्या के चलते फिलहाल टोकन बुक नहीं हो पा रहे हैं।नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को केवल आधार कार्ड और रकबा बताकर खाद नहीं मिलेगा। पोर्टल पर यह दर्ज करना होगा कि कौन-सी फसल कितने क्षेत्र में बोई जाएगी। उसी आधार पर सिस्टम तय करेगा कि किसान को कितना डीएपी, एसएसपी, एनपीके और यूरिया मिलेगा। किसान चाहें तो पूरी पात्र मात्रा एक साथ ले सकते हैं या अलग-अलग चरणों में भी खाद प्राप्त कर सकते हैं। हर बार ई-टोकन जनरेट करना अनिवार्य होगा।कृषि विभाग के अनुसार एक हेक्टेयर जमीन में सोयाबीन बोने वाले किसान को तय मानक के अनुसार डीएपी, एसएसपी और यूरिया की निर्धारित मात्रा मिलेगी। यदि किसान दूसरे फार्मूले का उर्वरक चुनता है तो उसी अनुसार पात्रता तय होगी।सरकार ने छोटे किसानों को राहत देते हुए एक बीघा से कम जमीन वालों को भी पूरा कट्टा देने का निर्णय लिया है। यदि पात्रता आधे या तीन चौथाई कट्टे की बनती है तब भी किसान को पूरा बैग मिलेगा।वहीं तय मात्रा से अधिक उर्वरक लेने पर विभाग निगरानी रखेगा।

अतिरिक्त मांग करने पर किसान को कारण बताना होगा, जिसके बाद विभाग जांच करेगा कि अधिक उपयोग की आवश्यकता क्यों है।कृषि विस्तार अधिकारी लखन सिंह परमार ने बताया कि किसानों के आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के बाद भी पोर्टल पर सर्वे नंबर नहीं उठ रहा है। पटवारियों और संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई है तथा सुधार कार्य जारी है। समस्या दूर होते ही किसानों की आईडी और ई-टोकन बनना शुरू हो जाएंगे। किसान मोर्चा मंडल महामंत्री मुकेश कुमावत ने भी माना कि किसानों की फार्मर आईडी खुल रही है, लेकिन पोर्टल में तकनीकी दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## निर्वाचन अधिकारी बापट ने घोषित किया चुनावी कार्यक्रम 23 से 30 जून के बीच होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अभिभाषक संघ देवास के आगामी निर्वाचन को लेकर शहरभर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद सहित सचिव, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों के दावेदारों ने प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है, जिससे अधिवक्ताओं के साथ आमजन में भी उत्सुकता बनी हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र बापट ने संघ की सभा के दौरान घोषणा करते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण 15 मई से 15 जून के बीच चुनाव कराना संभव नहीं है। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया 23 से 30 जून के मध्य संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में लगभग 15 दिनों का समय लगेगा। सभा में आगामी चुनावों को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दे भी उठाए गए। सदस्यों ने महिला कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर आरक्षण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से लागू करने की मांग की। वहीं महिलाओं के लिए आयु सीमा में शिथिलता दिए जाने का विषय भी निर्वाचन समिति के समक्ष रखा गया। अधिवक्ताओं ने संघ के संविधान में संशोधन कर युवाओं को प्रत्येक पद के लिए चुनाव लड़ने का अवसर देने तथा अनुभव संबंधी प्रावधान समाप्त करने की मांग भी उठाई। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य पदों पर मनोनयन के बजाय निर्वाचन कराने की बात पर भी जोर दिया गया। सभा को रघुवीर यार्दी, चांदनी सिंह एवं आनंद अधिकारी ने संबोधित किया। संचालन के दौरान एडवोकेट रामप्रसाद सूर्यवंशी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, योगेश कुमार, अजय शर्मा, गीता शर्मा, अनुराग शर्मा, अंकित परमार, उमेश चौधरी, हर्षित गावशिंदे, पवन तिवारी और जयश्री सोलंकी सहित अनेक अधिवक्ताओं ने चुनाव व्यवस्था एवं पद संरचना को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में टोंककला पटाखा फैक्ट्री हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए शोकसभा आयोजित की गई। दो मिनट का मौन रखकर संवेदनाएं प्रकट की गईं। शोकपत्र का वाचन हर्षित गावशिंदे ने किया।

### नयापुरा में सात दिवसीय महायज्ञ का विराम, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# शनि नवग्रह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न,भंडारा किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम नयापुरा में ग्रामीणों के सहयोग से कालीसिंध नदी तट स्थित निर्मल वाटिका में नवनिर्मित श्री शनि नवग्रह मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति, शोभायात्रा एवं भंडारे के साथ सात दिवसीय आयोजन का विधिवत विराम हुआ।कार्यक्रम स्थल से निकली भव्य शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः आयोजन स्थल पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो भजनों पर झूमते नजर आए।यज्ञाचार्य संजय शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति करवाई। सात दिनों तक चले महायज्ञ में 42 यजमानों ने आहुतियां दीं, वहीं प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। नवनिर्मित मंदिर में विधि-विधान से नवग्रह, भूतेश्वर महादेव एवं अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई।शनिचरी अमावस्या एवं शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर शनिदेव की प्रतिमा का विशेष आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही बाबूलाल पिता बापूजी मुजाल्दे की ओर से 56 भोग अर्पित किया गया।इस दौरान आयोजन समिति ने कथावाचक गोविंद जाने का साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। यज्ञाचार्य संजय शर्मा एवं अन्य पंडितों का भी सम्मान किया गया।आयोजन में विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के लिए प्रतिमाएं एवं सामग्री भेंट की गई। इसमें शनिदेव भगवान की प्रतिमा धर्मेंद्र खेरिया, भेरूलाल पाटीदार एवं अलकेश पाटीदार द्वारा, नवग्रह एवं शनि शिला भगवान की प्रतिमा पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकमचंद कंठाली द्वारा, गणेश भगवान की प्रतिमा शांतिलाल पाचोटिया द्वारा तथा हनुमानजी की प्रतिमा जगदीश खेरिया एवं गणेश खेरिया द्वारा भेंट की गई। शिव परिवार की प्रतिमा इंदरमल पाटीदार एवं विष्णु पाटीदार, सूर्य नारायण की प्रतिमा महिला मंडल नयापुरा तथा मंदिर की घंटी कलाबाई पति राधेश्याम करनावद द्वारा भेंट की गई।

## अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर 80 वर्षीय मातृशक्ति का सम्मान किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

भारत में परिवार धर्म, संस्कृति और समर्पण की त्रिवेणी होते हैं। यह विचार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए।

आनंद विभाग के निर्देशानुसार विभाग की संभागीय कोऑर्डिनेटर डॉ. समीरा नईम के मार्गदर्शन में नगर में मातृशक्ति स्वयं सहायता समूह आनंद क्लब एवं अभिव्यक्ति मंच आनंद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में परिवार दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में 80 वर्षीय परिवार प्रमुख राजूबाई शिवहरे का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से सफलता की प्रेरणादायक इबारत लिखी। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, वारिस अली, राकेश नागौरी एवं वासुदेव जोशी ने परिवार की महत्ता और भारतीय संस्कृति में उसके योगदान पर विचार रखे।मातृशक्ति स्वयं सहायता समूह आनंद क्लब की ओर से संयोजक संध्या शिवहरे, राजकुमारी, लेखराज शिवहरे, गीता चौधरी, दाखा कारपेंटर, रचना नागौरी, सरोज जौहरी, संतोष यादव, शीला चावड़ा एवं हेमलता शर्मा ने मोतियों की माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### कालपी की दुर्घटना के पीड़ितों से मुलाकात की

**महरौनी (ललितपुर)।** महरौनी के उन शोकाकुल परिवारों के बीच उपस्थित होकर हृदय गहरे दुख और पीड़ा से भर गया, जिन्होंने कालपी की भीषण दुर्घटना में अपने घर के मासूम चिरागों को खो दिया है। एक हँसता-खेलता परिवार जब पल भर में उजड़ जाता है, तो वह दृश्य अंतरात्मा को झकझोर कर रख देता है। ब्राह्मण मंडल के अध्यक्ष पं. रामविलास कटारे, रामकुमार नायक, अनुपम चौबे (अध्यक्ष प्रधान संघ), सोनू चौबे, रामकुमार दुबे (नैनवारा), लल्लू पुजारी, लल्लू राजोरिया (धवारी), पुरुषोत्तम चौबे, जगदीश तिवारी (पाचोरा), बृजेश रिछारिया, दीपक तिवारी, संजय भोंडेले, पीयूष शुक्ला, सूर्यकांत त्रिपाठी, अनूप भोले तिवारी, शिवा सिंह तोमर, शैलेंद्र नायक, ब्रजेन्द्र कांकर, अभिषेक तिवारी एवं महरौनी के अन्य प्रबुद्ध जनों के साथ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके आँसू और उनका असीम दर्द देखा नहीं जा रहा था। इस भारी दुख में उन्हें सांत्वना देने और ढांढस बंधाने का प्रयास किया, लेकिन सच तो यह है कि इस अपूरणीय क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता।मन अत्यंत व्यथित और व्याकुल है। नियति का यह क्रूर प्रहार असहनीय है। ईश्वर से हाथ जोड़कर यही प्रार्थना है कि वे सभी दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, शोकाकुल परिजनों को संबल और असीम शक्ति दें।

### अवैध खनन, पोकलैन मशीन जब्त की

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कड़ेसराकलां में सरकारी भूमि से अवैध रूप से मौरम और बालू के खनन का मामला सामने आया है। खनिज विभाग की टीम ने छापेमारी कर मौके से अवैध खनन में लगी पोकलैन मशीन को जब्त कर लिया। खान अधिकारी की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने अज्ञात मशीन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 फरवरी को खनिज विभाग की टीम ग्राम कड़ेसराकलां में जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ग्राम कड़ेसराकलां स्थित सरकारी आराजी संख्या 1445 पर बड़े पैमाने पर मौरम और बालू का अवैध उत्खनन पाया गया। आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति या खनन पट्टे के पोकलैन मशीन के जरिए सरकारी भूमि से खनिज निकाला जा रहा था। खनिज विभाग की टीम को मौके पर पहुंचता देख पोकलैन मशीन चालक मशीन छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद विभागीय टीम ने मशीन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। मामला थाना तालबेहट में दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्ञात पोकलैन मशीन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### कुएं पर जा रहे युवक को रास्ते में पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक की दाहिनी आंख में गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम सैदपुर निवासी कमलेश (37 वर्ष), पुत्र बल्दू कुशवाहा ने बताया कि वह 15 मई 2026 को अपने घर से खेत पर बने कुएं की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही मोनू पुत्र संतोष, रबिन्द राजा पुत्र निरन सिंह और रिषीराज सिंह पुत्र स्व.राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू ने उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने पहले उसके साथ गाली-गलौज की। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उसकी दाहिनी आंख में गंभीर चोट लग गई। कमलेश ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मौके पर मौजूद उसके एक रिश्तेदार के साथ भी अभद्र व्यवहार किया और घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## चंदेरी प्रवास के दौरान राजघाट बांध पहुंचे जल शक्ति राज्य मंत्री

# राजघाट बांध के लोकार्पण व सौंदर्यीकरण के लिए सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष से बात करूंगाः केंद्रीय मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री डा.राज भूषण चौधरी निषाद ने राजघाट बांध के लोकार्पण और सौंदर्यकरण को लेकर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। चंदेरी प्रवास के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डा.योगेश मिश्रा एवं ग्राम मुरादपुर के सरपंच मुकेश रैकवार ने मंत्री के समक्ष दस्तावेजी प्रमाणों के साथ मांग पत्र प्रस्तुत कर राजघाट बांध के अब तक लोकार्पण और सौंदर्यकरण नहीं होने का मुद्दा उठाया। दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि वह दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय जल आयोग अध्यक्ष से इस विषय पर चर्चा करेंगे तथा शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। मंत्री डा.निषाद ने आग्रह स्वीकार करते हुए राजघाट बांध का स्थल निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बांध की विशालता, वर्तमान स्थिति और इसके विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारी सुमित पंजवानी ने मंत्री को बताया कि बांध का अब तक औपचारिक लोकार्पण और सौंदर्यकरण नहीं हो सका है। यदि यह कार्य पूरा हो जाता है तो जल शक्ति मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं का लाभ परियोजना को मिल सकेगा और यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण केन्द्र बन सकता है। मंत्री डा.निषाद ने अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संबंध में दिल्ली स्थित मंत्रालय के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित प्रतिनिधियों को मंत्रालय में आकर विस्तृत चर्चा करने की अनुमति भी प्रदान की।

### दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है राजघाट बांध

राजघाट बांध, जिसे अब महारानी लक्ष्मीबाई सागर परियोजना के नाम से जाना जाता है, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है। वर्ष 2005 से इसका संचालन हो रहा है, लेकिन दो दशक बाद भी इसका औपचारिक लोकार्पण नहीं हो सका है। बताया गया कि 30 अप्रैल 2015 को बेतवा रिवर बोर्ड की 15वीं विशेष बैठक में दोनों राज्यों ने लोकार्पण और अपने-अपने क्षेत्र में सौंदर्यकरण कराने पर सहमति जताई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया। केन्द्रीय राज्य मंत्री के स्थल निरीक्षण के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि राजघाट बांध का लोकार्पण जल्द होगा और इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डा.योगेश मिश्रा एवं सरपंच मुकेश रैकवार ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

## विश्व डेंगू दिवस पर जागरुक किया

# डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव, रोकथाम के उपाय बताए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सीएमओ कार्यालय सभागार में विश्व डेंगू दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य अधिकारियों ने डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव, पहचान और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी तथा आमजन से मानसून से पहले अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि विश्व डेंगू दिवस मनाने का उद्देश्य मानसून से पहले लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए अभियान की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारी जांचें, साफ करें और ढकें निर्धारित की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों और आसपास साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा न होने देने की अपील की। डा.सौरभ ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है, जो एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन के समय अधिक सक्रिय रहता है और साफ एवं स्थिर पानी में पनपता है। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए सप्ताह में एक बार घर और कार्यस्थल की जांच करना, रुके हुए पानी को तुरंत हटाना तथा पानी की टंकियों और कंटेनरों को ढककर रखना बेहद जरूरी है। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर और जोड़ों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, कमजोरी और जी मिचलाना डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि यदि मरीज को लगातार पेट दर्द, उल्टी, रक्तस्त्राव, सांस लेने में परेशानी या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। कार्यक्रम में अपर सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, मलेरिया निरीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की कि बुखार होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

## विहान बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजन

# छात्राओं ने प्रयोगों से सीखी विज्ञान की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को छात्राओं के लिए विज्ञान विषय से संबंधित प्रयोगात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गा। संचालन विद्यावाहिनी के शिक्षक द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों और प्रयोगों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान छात्राओं को अम्ल (एसिड) एवं क्षार (बेस) के बीच अंतर को सरल और वैज्ञानिक तरीके से समझाया गया। प्रयोगों के माध्यम से बताया गया कि विभिन्न सूचकों (इंडिकेटर्स) की सहायता से अम्ल एवं क्षार की पहचान किस प्रकार की जाती है। प्रयोगात्मक प्रस्तुति के कारण छात्राओं ने विषय को आसानी से समझा और उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। इसके बाद छात्राओं को सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) के माध्यम से पादप कोशिका का अवलोकन कराया गया। छात्राओं ने कोशिका की संरचना को करीब से देखा और उसके विभिन्न भागों की जानकारी प्राप्त की। इस प्रयोग के दौरान छात्राओं में विज्ञान के प्रति विशेष जिज्ञासा और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की प्रयोगात्मक गतिविधियां छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ विषय के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने विद्यावाहिनी के शिक्षक का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं के शैक्षणिक विकास में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं।

## शनि अमावस्या व शनि जयंती पर कार्यक्रम किए

# शनिधाम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर के सुम्मेरा तालाब स्थित श्री श्री 1008 सिद्धपीठ शनिधाम मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या महापर्व एवं शनि जयंती के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने भगवान शनिदेव के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, तेलाभिषेक, धार्मिक अनुष्ठान, श्रीसुंदरकांड मानस पाठ, महाआरती, प्रसादी भंडारा एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं ने शनिदेव महाराज के दर्शन कर परिवार की खुशहाली एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का आयोजन नवग्रह सेवा समिति द्वारा किया गया। आयोजन में समिति के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंजीत सिंह परमार, अखिलेश शर्मा (मोंटू), गिरीश साहू, जे.पी. कुशवाहा, भगवानदास, योगेश कुशवाहा, कौशल किशोर नगाइच, अशोक साहू, ऋषि पटेल, हरगोविंद पटेल, मनोज साहू, अशोक कुमार, अर्जुन रायकवार, रामप्रसाद कुशवाहा, वीर सिंह, संजय अग्रवाल, शिशुपाल तथा हरगोविंद साहू सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर के पुजारी मगनलाल कुशवाहा एवं मंजीत सिंह परमार ने सभी श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं भक्तजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भगवान शनिदेव से सभी भक्तों की सुख-शांति, समृद्धि एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**ललितपुर।** नगर के तालाबपुरा स्थित लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर परिसर में शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा और महिलाओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए उमड़ती रही। वट सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में विशेष महत्व रखने वाला पर्व माना जाता है। यह व्रत विशेष रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इसी आस्था और विश्वास के साथ तालाबपुरा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा सम्पन्न की। सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली, फल, फूल, रोली, मौली, धूप-दीप एवं प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचीं। मंदिर परिसर में स्थित वट वृक्ष के चारों ओर महिलाओं ने परिक्रमा लगाई तथा कच्चा धागा बांधकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने विधिवत पूजा करने के बाद वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण किया और भगवान से अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने बताया कि वे हर वर्ष यह व्रत पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ रखती हैं। उनका मानना है कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है, जो पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत बनाने के साथ परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत की कथा सत्यवान और सावित्री से जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि सावित्री ने अपने तप, भक्ति और दृढ़ संकल्प से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त कर लिए थे। तभी से महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और वैवाहिक सुख की कामना को लेकर यह व्रत रखती हैं। वट वृक्ष को भी हिन्दू धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। इसे त्रिदेवों का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इसकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। मंदिर परिसर में पूजा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने समूह में बैठकर व्रत कथा सुनी और एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दीं। कई बुजुर्ग महिलाओं ने युवा पीढ़ी को इस व्रत की परंपरा और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। पूजा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों का भी सहयोग रहा। महिलाओं के लिए पूजा स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं ने मंदिर में भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। नगर में वट सावित्री व्रत को लेकर विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिला। विभिन्न मंदिरों एवं वट वृक्षों के पास महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की मंगलकामना की।

# उत्कृष्ट ड्यूटी पर प्रशिक्षु आरक्षी सम्मानित



**ललितपुर।** जिले में कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा एवं पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शनिवार को थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क और मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अधिकारियों ने थाना कार्यालय में अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई और रिकॉर्ड की अद्यतन स्थिति की जांच की, जो संतोषजनक पाई गई। थाना परिसर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और आगंतुकों व पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परिसर को साफ, स्वच्छ और हरित बनाए रखने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति केन्द्र के निरीक्षण के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं शिकायत निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निपटारे, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत माल निस्तारण संबंधी कार्रवाई को नियमानुसार पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने संतरी ड्यूटी में तैनात प्रशिक्षु आरक्षी कृपाशंकर को उत्कृष्ट टर्नआउट, अनुशासन और बेहतर ड्यूटी निर्वहन के लिए 500 रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## लड़की की शादी में दबंगों का हंगामा

# महिलाओं को बेल्ट से पीटा, धमकी भी दी

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम भुचेरा में शादी समारोह के दौरान मारपीट और हंगामे का मामला सामने आया है। बहन की शादी में पहुंचे चार लोगों पर घर के बाहर गाली-गलौज करने, विरोध करने पर पीड़ित की पत्नी और साली के साथ बेल्ट व लात-घूंसों से मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम भुचेरा निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र ब्रजलाल रजक ने बताया कि 13 मई 2026 की रात उसके घर पर बहन कु. कंचन का विवाह समारोह चल रहा था। रात करीब 12 बजे शादी में आए चार युवक घर के दरवाजे पर पहुंच गए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी पत्नी रूबी और साली ग्राम चिगलौआ निवासी कु.रूपा को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। आरोप है कि चारों ने दोनों महिलाओं के साथ बेल्ट, लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। नामजद आरोपियों में लक्ष्मन पुत्र आशाराम, मोहित पुत्र लक्ष्मन, मौनू पुत्र लक्ष्मन, निवासी ग्राम मथुराडांग, थाना बार, तथा प्रदीप पुत्र पप्पू रजक, निवासी ग्राम भैलोनी सुआ, थाना बार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याओं का समाधान कराया

# पानी व बिजली आपूर्ति का प्राथमिकता से समाधान कराएंः जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शनिवार को महरौनी तहसील में जिलाधिकारी सत्य प्रकाशन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया,, जिसमें जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर उनकी शिकायतों को एक-एक कर सुना और उनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से निस्तारण भी कराया।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायतों का समाधान फील्ड में जाकर किया जाए, कार्यालय में बैठकर समाधान नहीं होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकांश शिकायतें विद्युत कटौती, पानी की समस्या और भूमि विवाद को लेकर आईं, जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण, जल संस्थान, विद्युत विभाग और राजस्व के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में पानी, बिजली और जमीनी पैमाइश वरासत आदि की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, इसके साथ ही अधिकारी जनता का फोन भी उठायेंगे, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। साथ ही जमीनी पैमाइश, वरासत आदि कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले लेखपाल और कानूनगों को उन्होंने फटकार भी लगाई। इसके अलावा जिलाधिकारी ने पुनः अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वगणना कार्य पूर्ण कराकर अवगत करायें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र में पैमाइश के कार्य की निगरानी करें और प्रतिदिन रिपोर्ट दें।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 223 शिकायतें आईं

तहसील महरौनी में कुल 223 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 106, पुलिस के 53, विकास के 11, चकबंदी के 08, पूर्ति के 09, विद्युत के 09, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 25 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 95 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 40, पुलिस के 26, विद्युत के 04, पूर्ति के 04, विकास के 02 तथा अन्य विभागों के 19 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 17 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 29 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 10, पुलिस के 06, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 10 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील मड़ावरा में कुल 27 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 15, पुलिस के 08 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 09, पुलिस के 07, चकबंदी के 02, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी महरौनी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने बाइक, एटीएम खोलने की चाबियां एवं एटीएम तोड़ने के औजार बरामद किए

# शहर में दो एटीएम मशीनों को तोड़कर चोरी करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सतत निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने तथा चोरों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एटीएम चोरी का प्रयास करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने दर्ज करवाई थी रिर्पोट

शहर के बस स्टेंड के पास में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर 05 फरवरी 2026 को तोड़ा गया था। इस मामले में फरियादी बनवारीलाल यादव पिता रामगोपाल यादव 34 वर्ष निवासी तलावली, हाल शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ब्यावरा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा ब्यावरा का एटीएम ओल्ड एबी रोड स्थित मुराद मार्केट बस स्टैंड के पास लगा हुआ है। जहां रात्रि लगभग 02.30 बजे उन्हें सूचना मिली कि एटीएम में तोड़फोड़ हुई है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि एटीएम मशीन का तार टूटा हुआ था, कैश डिस्पेंसर क्षतिग्रस्त था तथा सीसीटीवी कैमरा भी टूटा हुआ था। हालांकि एटीएम से नगदी चोरी नहीं हुई थी, लेकिन अज्ञात आरोपी द्वारा एटीएम मशीन



तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था।

### 7 मई को आईडीएफसी बैंक का भी तोड़ा था एटीएम

इसी प्रकार 07.05.2026 को फरियादी प्रशांत उपाध्याय पिता बीरेन्द्र उपाध्याय 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08, मुराद गार्डन के पीछे ब्यावरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 06 एवं 07 मई 2026 की दरमियानी रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एटीएम में घुसकर चोरी करने की नियत से एटीएम मशीन एवं कैमरों में तोड़फोड़ की गई। रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा में धारा 331(4), 305(।), 63 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना ब्यावरा शहर पुलिस द्वारा लगातार सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की गई। मुखबिर सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी द्वारा दोनों घटनाओं को स्वीकारा। पुलिस ने जीवन पिता भारत सिंह गुर्जर, 19 वर्ष निवासी सुवाहेड़ी थाना देहात ब्यावरा के पास से बरामद मशरूका में एक मोटर साइकिल एटीएम खोलने की चाबियां एटीएम मशीन तोड़ने के औजार जब्त किए है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चैहान, उनि मनमोहन सिंह, प्रधान आरक्षक शाकिर खान, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक रूपराम वंशकार, आरक्षक पीयूष गुप्ता, आरक्षक परमेश्वर दार, आरक्षक वीरेन्द्र कुशवाह एवं आरक्षक धीरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस ने पकड़ा अस्पताल का टोंटी चोर



जीरापुर। पुलिस को चोरी करने वाले अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। विगत दिनों 30 अप्रैल 2026 को नवीन शासकीय अस्पताल जीरापुर से चोरी गए मशरुका ( नल की टोटियो व अन्य सामान) को जप्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर जेल भेजा। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एस.डी.ओ.पी. खिलचीपुर डी.व्ही.एस. नागर के मार्गदर्शन में थाना अंतर्गत पुलिस को चोरी के अपराधी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 04.05.2026 को फरियादी बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार चैरसिया सिविल अस्पताल जीरापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई की नवनिर्मित सिविल अस्पताल जीरापुर से बाहरी खिड़की की जाली को काट कर अंदर बाथरूम में लगे नल एवं पाइप जैक्यूआर कंपनी के (बाथरुम नल टोंटी-41, लेटरिंग वॉल -22, वेशीन वॉन-18, वेशीन नल-18, टॉयलेट वॉल-5) को काटकर अज्ञात व्यक्तियो द्वारा चोरी की गई है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 144द्2026 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में था। मूखबिर सूचना तंत्र द्वारा आरोपी सोनू उर्फ आफताब पिता कदीर खां उम्र 32 साल निवासी आवास कालोनी अग्रवाल धर्मशाला के पीछे जीरापुर से पूछताछ की गई जिसने दिनांक 30.04.2026 को रात करीब 12 बजे इन्तयाज पिता मुन्नाशाह निवासी तालाब मोहल्ला जीरापुर के द्वारा बेचने पर 2000 मे खरीदना बताया बाद चोरी गये मशरुका को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल राजगढ भेजा गया।

## अपहृत नाबालिग बालिका सुरक्षित दस्तयाब की गई



ब्यावरा। ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना मलावर पुलिस ने संवेदनशीलता सक्रियता एवं तत्परता का परिचय देते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा अभियान को प्रभावी संवेदनशील एवं सफल बनाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमती मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा यह सफलता अर्जित की गई। 07.05.2026 को फरियादी द्वारा थाना मलावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मलावर में अपराध क्रमांक 125द26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा बालिका की शीघ्र दस्तयाबी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की थी।

### कार समेत आरोपी गिरफ्तार

## सुठालिया पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग पर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के नेतृत्व में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे' के निर्देशन एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा' के मार्गदर्शन में थाना सुठालिया पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से वाहन में गैस रिफिलिंग करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार को कस्बा सुठालिया में बाजार व्यवस्था ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नालाझिरी रोड स्थित पशु बाजार के पास एक व्यक्ति घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों से मोटर की सहायता से अवैध रूप से कार में गैस भरने का कार्य कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर से मोटर के माध्यम से मारुति ओमनी कार में गैस भरता हुआ मिला। गैस रिसाव होने से आसपास गैस की तीव्र गंध फैल रही थी, जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम 'शंभु पिता विक्रम सिंह राजपूत, 35 वर्ष, निवासी नालाझिरी रोड, सुठालिया' बताया। आरोपी से गैस रिफिलिंग संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, किंतु वह कोई वैध अनुमति अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का उक्त कृत्य 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7' के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर थाना सुठालिया में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी सुठालिया उनि अनिल राहौरिया, एएसआई अशोक कटारिया, प्रआर जमुनाप्रसाद साहू, आरक्षक सोनू अहिरवार एवं आरक्षक दशरथ लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें कुल मशरूका कीमत लगभग 3,70,500- जप्त किया गया।

### पुलिस ने आरोपी के कब्जे से यह सामान किया जब्त

- दो खाली घरेलू गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी)
- एक भरा हुआ घरेलू गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी)
- गैस भरने में प्रयुक्त दो मोटर (एक बड़ी एवं एक छोटी) नोजल सहित
- एक सफेद रंग की मारुति ओमनी कार क्रमांक एमपी04 बीसी 1907

### प्रतिबंध के बाद खेतों में जल रही नरवाई, पौधों को नुकसान

## पराली जलाने से झुलसे वर्षों पुराने पौधे पर पर्यावरण प्रेमी दल ने जताई चिंता



सरंगपुर। भीषण गर्मी के दौर में जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोग पौधारोपण और उनकी देखरेख में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर पराली और कचरा जलाने की घटनाएं पौधों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। पर्यावरण प्रेमी दल ने रविवार को ऐसी ही एक घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से जागरूक होने की अपील की है। दल के सदस्यों ने बताया कि वे आरोग्य वाटिका स्थित साईं मंदिर परिसर में पौधों को जल सेवा देने के बाद तलेनी रोड पर लगे पौधों की देखरेख के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान ड्रीम होम सिटी की अंतिम बाउंड्री के पास एक खेत में नरवाई जलाई जा रही थी। आग की लपटों और तेज गर्मी की चपेट में आने से सड़क किनारे लगे करीब पांच बड़े पौधे झुलस गए। ये पौधे तीन से चार वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं, जिन्हें पर्यावरण प्रेमियों ने लगातार पानी देकर और सुरक्षा व्यवस्था कर तैयार किया था।दल के सदस्यों ने दुख जताते हुए कहा कि पराली जलाने वाले लोग यह नहीं समझते कि उनकी लापरवाही से आसपास लगे पौधों को कितना नुकसान पहुंचता है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे कचरा जलाने से भी पौधे नष्ट हो जाते हैं। साईं मंदिर परिसर में कचरा जलाने के कारण बड़ और पीपल के पौधे भी झुलस चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी दल ने कहा कि पौधों को पशुओं से बचाने के लिए जालियां और चैपाइयां लगाई जा सकती हैं, लेकिन मानव लापरवाही से बचाना सबसे कठिन कार्य है। दल ने नगरवासियों से अपील की कि पौधों और हरियाली के आसपास आग न लगाएं। भीषण गर्मी में छोटी सी आग भी वर्षों की मेहनत को नष्ट कर सकती है।

## किसानों के भुगतान में विलंब न हो यह सुनिश्चित करें: कलेक्टर डॉ. मिश्रा



### उपार्जन कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों पर किसानों के स्लॉट कम शेष हैं, वहां से कांटे एवं लेबर को उन उपार्जन केंद्रों पर तत्काल शिफ्ट किया जाए, जहां किसानों के स्लॉट अधिक संख्या में लंबित हैं, ताकि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से एवं समय-सीमा में पूर्ण हो सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जित गेहूं के उठाव कार्य में तेजी लाई जाए तथा परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों के भुगतान में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए और संबंधित अधिकारी इसकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में उपार्जन कार्यों की प्रगति, उठाव, परिवहन एवं भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला उपार्जन समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि उपसंचालक ने जिले की मंडियों का निरीक्षण किया मंडी में गेहूं का भाव समर्थन मूल्य तक पंहुचा





ब्यावरा। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा शुक्रवार को मंडी सचिवों के साथ कृषि उपज मंडी ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं कुरावर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडियों में गेहूं की आवक, नीलामी व्यवस्था एवं किसानों को प्राप्त हो रहे भावों का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ी है एवं विक्रय मूल्य 2450 रुपए से 2650 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य के समकक्ष एवं उससे अधिक स्तर पर रहा। इससे किसानों में उत्साह का वातावरण देखा गया। उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा मंडी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को मंडी में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो। साथ ही किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

## राधानगर में सघन उपभोक्ता संपर्क अभियान का शुभारंभ, विद्युत शिकायतों का मौके पर निराकरण



सारंगपुर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, सारंगपुर द्वारा गुरुवार को ग्राम राधानगर में सघन उपभोक्ता संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। शिविर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका मौके पर निराकरण किया। शिविर में सहायक यंत्री विद्यासागर सिंह एवं कनिष्ठ यंत्री उमेश मिश्रा सहित विद्युत विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली बिल, भार वृद्धि, विद्युत सप्लाई एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों की सुनवाई की गई। शिविर में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका तत्काल समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के संबंध में जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर एवं सामान्य मीटर को एक साथ संचालित कर दोनों की खपत प्रदर्शित की, जो समान पाई गई। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की पारदर्शिता एवं इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।शिविर में ग्राम राधानगर के कई गणमान्य उपभोक्ता उपस्थित रहे। इनमें श्री प्रेम सिंह लववंशी, महेश मालवीय, ईश्वर सिंह लववंशी एवं नंद किशोर लववंशी सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए इस शिविर की सराहना करते हुए इसे उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी पहल बताया।

## प्रथम चरण की ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ

राजगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग प्रक्रिया लिए पंजीयन प्रारंभ हो गए है। यह 29 मई रात्रि 11.45 बजे तक किए जा सकते हैं। संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन (चॉइस फिलिंग) कर लॉक 02 जून, 2025 तक किया जा सकता है। आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) 8 जून से 13 जून, 2026 तक किए जाएंगे। प्रवेश उपरांत छात्र/छात्राए छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश हेतु इक्छुक छात्र-छात्राए संस्था में उपस्थित होकर अपना निरूशुल्क पंजीयन करा सकते है।

## नवग्रह शनि मंदिर आवास कॉलोनी में शनिचरी अमावस्या अभिषेक अनुष्ठान आयोजन

जीरापुर। नगर के आवास कॉलोनी छापीहेड़ा पचोर सड़क मार्ग के पास स्थित नवग्रह शनिदेव मंदिर में शनिचरी अमावस्या एवं शनि जयंती के पावन अवसर पर विशेष अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन शनिवार को रखा गया। शनि जयंती एवं शनिचरी अमावस्या दोनों का योग ऐसा बना कि शनिवार को है ऐसे में इस पर्व का महत्व अत्यधिक हो गया। शनि मंदिर संचालन सदस्यों ने बताया कि शनिवार को प्रातःकाल से मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन शनिदेव महाराज का तेल अभिषेक, पूजन, मंत्रोच्चार एवं आरती की । श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था थी। आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ पाया। मंदिर पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं परिसर में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए टेन्ट से छाया रही ताकि श्रद्धालु भक्त शनि देव के दर्शन पूजा अर्चना कर सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छायन में जल स्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित




सारंगपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत छायन में नवांकुर संस्था मां भगवती बाल संस्कार शिक्षण समिति भंडावद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छायन के तत्वावधान में जल स्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के कुएं और बावड़ी का विधि-विधान से पूजन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने "जल ही जीवन है", "जल बिना सब शून्य है" एवं "जल बचाओ, जीवन बचाओ" जैसे संदेशों के माध्यम से समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सभी को जल बचाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत छायन के सरपंच रामचरण नागर, सचिव रामचंद्र नागर, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी ज्ञान सिंह राजपूत, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष जितमल नागर, देवकरण नागर, हरिओम नागर, जगदीश नागर, राहुल नागर, महेश नागर सहित समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस

# 'परिवार आपसी प्यार, समझ और शांति का आधार स्तंभ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहीद कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र पर अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने परिवार को आपसी प्यार, समझ और मानसिक शांति का आधार स्तंभ बताया। कार्यक्रम का गरिमामय शुभारंभ संस्था से जुड़े वरिष्ठ जन रोड सिंह दांगी, प्रेमलता अग्रवाल, कृष्ण मालवीय तथा ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी और ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### आध्यात्मिकता से ही दूर होगा पारिवारिक कलह-लक्ष्मी दीदी

सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने उपस्थित ईश्वरीय परिवार के भाई-बहनों को परिवार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लौकिक और अलौकिक ईश्वरीय परिवार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में केवल राजयोग और



आध्यात्मिक ज्ञान ही परिवार को कलह से मुक्त कर सुखद बना सकता है। पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा परिवार केवल रक्त का संबंध नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सहयोग और मर्यादा का वह पवित्र सूत्र है जो जीवन में सुखमय वातावरण का निर्माण करता है। उन्होंने सभी से वसुधैव कुटुंबकम पूरा विश्व एक परिवार की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

### राजयोग से टूटते परिवार फिर से जुड़ रहे

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ संभ्रांत सदस्य प्रेमलता अग्रवाल ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से ही रिश्तों में खोया हुआ स्नेह और करुणा का भाव पुनः जगाया जा सकता है। आध्यात्मिकता के बिना टूटते हुए परिवारों को जोड़ना संभव नहीं है। वहीं रोड सिंह दांगी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से परिवार के सदस्य मानसिक रूप से एक-दूसरे के करीब आते हैं।

### तिलक और मुकुट पहनाकर किया भाई-बहनों का सम्मान

कार्यक्रम के अंतिम चरण में ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी और ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी द्वारा उपस्थित ईश्वरीय परिवार के भाई-बहनों को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर और प्रतीकात्मक मुकुट पहनाकर भावभीना सम्मान किया गया। इसके पश्चात सभी को ईश्वरीय सौगात देकर मुख मीठा कराया गया। इस अवसर पर ईश्वरीय परिवार के लक्ष्मी नारायण दांगी, कमला माता, कृष्ण शिवहरे, वैजयंती अग्रवाल, सुशील यादव, गिरिराज दांगी, आकाश अग्रवाल और ममता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।